तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार, 8 मार्च 2025





9 औषधि केंद्र के खुलने से लोगों को उचित मूल्य पर जेनेरिक..





9 महिलाएं पहले स्वयं आत्मनिर्भर बनें: प्रो. मोहन





N N Sharma
Director

शिक्षा – संस्कार – सुरक्षा – सफलता

WOODSTOCK PUBLIC SCHOOL JIND

ADMISSION OPEN
Nur. to XII (Art/Commerce/Science)

Focus on Practicals
Strong Dedicated Teachers Team
Door to Door Transport
Indoor & Outdoor Sports



Sukeerti Sharma
Principal

GOHANA ROAD ASHRAFGARH JIND Contact: 9896561677, 8053011129


## खबर संक्षेप

### अवैध पिस्तोल -कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने ईक्कस गांव से एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से 315 बोर का अवैध पिस्तोल और एक कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान ईक्कस निवासी सुमित के तौर पर हुई है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

### कार की चपेट में आने से बाइक चालक घायल

**कैथल।** शगुन पैलेस सिरसल के निकट कार की चपेट में आने से एक बाइक चालक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव पिलनी के उदय शर्मा ने पुंडरी पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 5 मार्च को जब विष्णु उर्फ जोनी रात को बाइक पर शगुन पैलेस के निकट से गुजर रहा था तो स्विफ्ट गाड़ी चालक ने कार को लापरवाही से चलते उसे चपेट में लेकर घायल कर दिया।

### 96 हजार की कीमत के तार चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** काब्रछा एपी लाइन से चोरों ने 96 हजार रुपये कीमत के तार चोरी कर लिए। सदर थाना नरवाना ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।
बिजली निगम नरवाना के एसडीओ महेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पिछले दिनों काब्रछा एपी लाइन से अज्ञात लोगों ने तार चोरी कर लिया।

### दहेज के लिए प्रताड़ित कर करवाया गर्भपात

**कैथल।** चीका पुलिस ने एक महिला को दहेज के लिए प्रताड़ति करने तथा गर्भपात करवाने के आरोप में एक मामला दर्ज किया है। गांव तारा वाली की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसकी शादी 1 जनवरी 2011 को कपूर राम नामक व्यक्ति के साथ हुई थी शादी में उसके माता-पिता ने अपनी हैसियत से बढ़कर दान दहेज भी दिया था।

### धोखाधड़ी कर खाते से निकाले 9 लाख रुपये

**जींद।** साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों द्वारा भट्ठा मालिक के खाते से नौ लाख रुपये निकालने पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पतराम नगर नरवाना निवासी राजेंद्र गर्ग ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह ईंट भट्ठा चलाता है। चार मार्च को उसका मोबाइल हैंग हो गया। फिर मोबाइल फोन ने काम करना छोड़ दिया।

### कंबाइन से तेल चोरी के मामले में आरोपी दबोचा

**कैथल।** कंबाइन की टंकी से तेल व अन्य सामान चोरी करने के मामले की जांच थाना कलायत के पीएसआई रवि कुमार की टीम द्वारा आरोपी गांव बालु निवासी सोनु को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव बालु निवासी राजेश कि शिकायत अनुसार 2 मार्च को वह शादी में गया था। उसकी कम्बाईन सुरेंद्र सिंह के मकान में खड़ी हुई थी।

### मकान में घुस महिला से की छेड़छाड़, मामला दर्ज

**जींद।** पिल्लूखेड़ा थाना क्षेत्र के तहत गांव के मकान में घुसकर व्यक्ति ने महिला से छेड़छाड़ करने पर पुलिस ने एक व्यक्ति को नामजद कर उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। एक महिला ने पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 27 फरवरी को अपने मकान पर अकेली थी।

*अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष*

# महिलाओं को आगे बढ़ने के साथ-साथ रखनी होगी मर्यादा

सूरज सहारण ▶▶| कैथल

भारत देश एक ऐसा देश है जहां नारी को देवी स्वरूप माना जाता है। नवरात्रों पर कन्याओं की पूजा की जाती है अपनी परंपराओं तथा अपने सहिष्णुता के लिए यह देश पूरे विश्व में अपनी पहचान बना चुका है, परंतु असल मायने में अभी भी हम नारियों को वह सम्मान नहीं दिला पाए जिनकी उन्हें आवश्यकता है। शिक्षा के अधिकार दिए जाने के बावजूद अभी भी न जाने कितनी ही बालिकाएं कोसों दूर हैं। बालिकाओं को जन्म से पहले ही मार दिया जाता है या उन्हें बेच दिया जाता है। उन्हें बोझ समझा जाता है। जो कि अभी भी समाज में चल रहा है सुरक्षा की दृष्टि से देखा जाए तो अभी भी लड़कियां घर से देर रात बाहर नहीं निकल सकती क्योंकि ना जाने कितने ही भेड़िए वहां उनका इंतजार कर रहे होंगे।

**अपनी परंपराओं और सहिष्णुता के लिए देश पूरे विश्व में अपनी पहचान बना चुका**

#### बेटियां खुद को कम न समझें




कैथल की डीसी प्रीति ने कहा कि यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए समर्पित है। यह दिन समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। बेटियां आज खेल, शिक्षा, विज्ञान व अन्य क्षेत्रों में देश का नाम रोशन कर रही हैं। कैथल की भी अनेकों बेटियों ने देश विदेश में जिले का नाम रोशन किया है। बेटियां खुद को किसी भी तरह से कम न समझें। जीवन में सफलता हासिल करने के लिए अनुशासन, लगन और मेहनत का होना जरूरी है। लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करें, सफलता जरूर मिलेगी।

#### ईश्वर की जन्मदात्री भी नारी ही रही



नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग का कहना है कि मां अर्थात माता के रूप में नारी, धरती पर अपने सबसे पवित्रतम रूप में है। माता यानी जननी। मां को ईश्वर से भी बढ़कर माना गया है, क्योंकि ईश्वर की जन्मदात्री भी नारी ही रही है। नारी का सारा जीवन पुरुष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने में ही बीत जाता है। पहले पिता की छत्रछाया में बचपन बीतता है। पिता के घर में भी उसे घर का कामकाज करना होता है तथा साथ ही पढ़ाई भी जारी रखनी होती है। उसका यह क्रम विवाह तक जारी रहता है। इस दौरान घर के कामकाज के साथ पढ़ाई-लिखाई की दोहरी जिम्मेदारी निभानी होती है, जबकि इस दौरान लड़कों को पढ़ाई-लिखाई के अलावा और कोई काम नहीं रहता है। आज महिलाएं पुरुषों से भी अधिक जिम्मेदारियों का निर्वहन भी करती हैं।

#### लड़कियां तेजी से आगे बढ़ रही



महिला थाना कैथल प्रभारी वीना ने बताया कि बच्चों में संस्कार भरने का काम मां के रूप में नारी द्वारा ही किया जाता है। विभिन्न परीक्षाओं की मेरिट लिस्ट में लड़कियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं। किसी समय इन्हें कमजोर समझा जाता था, किंतु इन्होंने अपनी मेहनत और मेधा शक्ति के बल पर हर क्षेत्र में प्रवीणता अर्जित कर ली है। आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं है। इनकी इस प्रतिभा का सम्मान किया जाना चाहिए। बेटियों को चाहिए कि वे अपनी मान मर्यादा का ध्यान रखते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करें तथा ऊंची बुलंदियों को प्राप्त करें। किसी समय इन्हें कमजोर समझा जाता था, किंतु इन्होंने अपनी मेहनत और मेधा शक्ति के बल पर हर क्षेत्र में प्रवीणता अर्जित कर ली है।

### उच्च पद हासिल करें : डा. आरती

इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डा. आरती गर्ग ने बताया कि साल में एक बार महिला दिवस को मना लेने के बाद उसे भुला दिया जाता है। क्या महिलाओं को सम्मान पाने के लिए 1 दिन ही काफी है? यदि हर रोज ही महिलाओं का सम्मान किया जाता तो शायद इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को 8 मार्च को मनाया ही न जाता। बेटियों को चाहिए कि वे लक्ष्य को हासिल करने के लिए दृढ संकल्प से पढ़ाई करते उच्च पद हासिल करें। बेटियों को चाहिए कि वे उच्च शिक्षा हासिल के साथ अच्छे संस्कार भी हासिल करें।

### महिला का सशक्त होना जरूरी : अमर



महिला पंतजलि राज्य प्रभारी अमर राविश ने बताया कि जिस राष्ट की नारी सशक्त होगी वह राष्ट सशक्त होगा। जिस राष्ट की नारी कमजोर होगी वह देश कमजोर होगा। देश, समाज व राष्ट, का विकास करने के लिए नारी का सशक्त होना अति आवश्यक है। इसलिए महिलाओं को ऊपर उठाने के लिए विशेष नियम बनाए जाएं।

## बिजली निगम उपभोक्ताओं को बेहतर सप्लाई देने की कवायद

# बिजली निगम सर्कल ने 33 केवी के उन्नीस सब स्टेशनों की क्षमता बढ़ाई

### उपभोक्ताओं को पूरी वोल्टेज के साथ बिजली सप्लाई मुहैया होगी

**इस पर 110.14 करोड़ की राशि खर्च की, आठ सब स्टेशनों की क्षमता 30 एमवीए और नौ सब स्टेशनों की क्षमता 22.5 एमवीए बढ़ाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। बिजली घर।

बिजली उपभोक्ताओं को बेहतर सप्लाई देने के लिए निगम सर्कल ने 33 केवी के 19 सब स्टेशनों की क्षमता बढ़ा दी है। अब उपभोक्ताओं को पूरी वोल्टेज के साथ बिजली सप्लाई मुहैया होगी। इस पर 110 करोड़ 14 लाख की राशि खर्च की गई है। इससे आठ सब स्टेशनों की क्षमता 30 एमवीए और नौ सब स्टेशनों की क्षमता 22.5 एमवीए बढ़ाई गई है। इसके अलावा 33 केवीए नगूरां की 25 एमवीए और 33 केवीए खरल की क्षमता 20 एमवीए हो गई है।

33 केवीए के 19 सब स्टेशनों पर 110 से ज्यादा फीडर

33 केवीए के 19 सब स्टेशनों पर 110 से ज्यादा फीडर हैं। जिनसे 155 के लगभग गांव जुड़े हुए हैं। उपभोक्ताओं को फ्यूज उडऩे, तार जलने, कंडक्टर और ट्रांसफार्मर जलने जैसी समस्याओं से नहीं जूझना पड़ेगा। क्योंकि सब स्टेशनों की क्षमता बढऩे के बाद अब ट्रांसफार्मरों पर लोड नहीं बढ़ेगा। इससे बिजली सप्लाई सुचारू रूप से चलेगी। इन 33 केवी सब स्टेशनों की क्षमता बढ़ाने की काफी समय से मांग की जा रही थी। इन सब स्टेशनों पर लगभग ग्रामीण क्षेत्र ही आता है। गर्मी के मौसम में बिजली की खपत बढऩे से तार, ट्रांसफार्मर, कंडक्टर जलने की निगम के पास शिकायतें आती रहती थी। वहीं फ्यूज उडऩा तो आम बात थी। जिससे बिजली बाधित हो जाती थी। कई बार तो रात के समय ट्रांसफार्मर और कंडक्टर जलने की घटना हो जाती थीए जिससे बिजली दिनभर गुल रहती थी।

#### 19 सब स्टेशनों के अधीन 155 गांव

निगम के 33 केवीए के 19 सब स्टेशनों के अधीन लगभग 155 गांव आते हैं। इनमें 33 केवी छात्तर के अधीन आठ फीडर, 33 केवी धमतान साहिब के अधीन आठ फीडर, 33 केवी गांगोली के अधीन आठ फीडर, 33 केवीए पिपलथा पर दस फीडर, 33 केवी उचाना कलां पर आठ फीडर, 33 केवी संगतपुरा पर आठ फीडर, 33 केवी बुढ़ाखेड़ा के अधीन आठ फीडर, 33 केवी ईक्कस के अधीन आठ फीडर, 33 केवी कोयल के अधीन छह फीडर, 33 केवी सेक्टर 9 सफीदों के अधीन दस फीडर, 33 केवीए बरटा के अधीन आठ फीडर और 33 केवी सुलहेड़ा के अधीन आठ फीडर है। 33 केवी सिंघवाल के अधीन आठ फीडर, 33 केवीए सीआरएसयू जींद के अधीन आठ फीडर, 33 केवी बधाना पर आठ फीडर, 33 केवी नगूरां पर दस फीडरए 33 केवी खरल पर आठ फीडरए 33 केवी पिंडारा पर 12 फीडर और 33 केवी मनोहरपुर पर भी 12 फीडर हैं।

**इन सब स्टेशनों की बढ़ाई क्षमता**

| सब स्टेशन | पहले | अब |
|---|---|---|
| 33 केवी छात्तर | 20 एमवीए | 30 एमवीए |
| 33 केवी धमतान | 20 एमवीए | 30 एमवीए |
| 33 केवी गांगोली | 20 एमवीए | 30 एमवीए |
| 33 केवी पिपलथा | 20 एमवीए | 30 एमवीए |
| 33 केवी उचाना कलां | 20 एमवीए | 30 एमवीए |
| 33 केवी संगतपुरा | 20 एमवीए | 30 एमवीए |
| 33 केवी बुढ़ाखेड़ा | 10 एमवीए | 22.5 एमवीए |
| 33 केवी ईक्कस | 10 एमवीए | 22.5 एमवीए |
| 33 केवी कोयल | 10 एमवीए | 22.5 एमवीए |
| 33 केवी सेक्टर 9 सफीदों | 10 एमवीए | 22.5 एमवीए |
| 33 केवी बरटा | 10 एमवीए | 22.5 एमवीए |
| 33 केवी सुलहेड़ा | 10 एमवीए | 22.5 एमवीए |
| 33 केवी सिंघवाल | 10 एमवीए | 22.5 एमवीए |
| 33 केवी सीआरएसयू जींद | 10 एमवीए | 22.5 एमवीए |
| 33 केवी बधाना | 10 एमवीए | 22.5 एमवीए |
| 33 केवी नगूरां | 19.3 एमवीए | 25 एमवीए |
| 33 केवी खरल | 10 एमवीए | 20 एमवीए |
| 33 केवी पिंडारा | 26.3 एमवीए | 30 एमवीए |
| 33 केवी मनोहरपुर | 26 एमवीए | 30 एमवीए |

#### बेहतर बिजली मुहैया होगी

बिजली निगम के एसडीओ कुलदीप मोर ने बताया कि अब इन सब स्टेशनों के अधीन आने वाले गांव के उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली मुहैया होगी। जिले के उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली सप्लाई मुहैया करवाने के लिए 33 केवी के 19 सब स्टेशनों की क्षमता बढ़ा दी गई है।



जींद। परीक्षा देने आए परीक्षार्थी।

# ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर सुपरवाइजर को रिलीव किया

- पिल्लूखेड़ा के एक सेंटर में ड्यूटी के दौरान लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा की हिंदी विषय की परीक्षा के दौरान पिल्लूखेड़ा के एक सेंटर में ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने पर एक सुपरवाइजर को रिलीव किया है। हालांकि परीक्षा के दौरान नकल का कोई मामला सामने नहीं आया है। अब 11 मार्च को 10वीं कक्षा की विज्ञान विषय की परीक्षा होगी। इससे पहले पांच मार्च हुई 10वीं कक्षा की एमएचवी म्यूजिक हिंदुस्तानी वोकल विषय की परीक्षा के दौरान उचाना में एक विद्यार्थी नकल करते हुए पकड़ा गया था और उडऩदस्ता टीम द्वारा यूएमसी बनाई गई थी। वहीं तीन मार्च को हुई अंग्रेजी विषय की परीक्षा के दौरान नरवाना में एक युवक दूसरे विद्यार्थी की जगह परीक्षा देते हुए पकड़ा गया था। इस मामले में केंद्र अधीक्षक की शिकायत पर पुलिस ने डूमरखां कलां निवासी गौरव के खिलाफ केस दर्ज किया था। हालांकि अभी तक 10वीं और 12वीं की अन्य बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुई हैं। परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के लिए बनाए गए नौ उडऩदस्तों की टीमों की संख्या को बढ़ाकर 20 कर दिया गया है। जिलेभर से राजकीय और प्राइवेट स्कूलों के दोनों कक्षाओं के लगभग साढ़े 36 हजार विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं। इसमें से 10वीं कक्षा के 21 हजार से अधिक और 12वीं कक्षा के साढ़े 15 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल हैं। 10वीं की परीक्षाएं 19 मार्च तक और 12वीं की परीक्षाएं 29 मार्च तक होगी। परीक्षा को लेकर जिले में 86 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें से जींद ब्लॉक में 39, नरवाना ब्लॉक में 15, उचाना ब्लॉक में 17 और सफीदों ब्लॉक में 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

#### लगातार निरीक्षण

बोर्ड की तरफ से नियुक्त किए गए नोडल अधिकारी रवींद्र ने बताया कि पिल्लूखेड़ा के एक सेंटर पर ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर एक सुपरवाइजर को रिलीव किया गया है। जबकि विद्यार्थियों की परीक्षा नकल रहित रही है। उडऩदस्ता टीम लगातार केंद्रों का निरीक्षण कर रही है।



अदालत का निरीक्षण करते पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की जज निधि गुप्ता।

### रिकार्ड रूम का किया निरीक्षण,

**जींद।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की जज निधि गुप्ता ने शुक्रवार को कोर्ट का औचक निरीक्षण किया और प्रशासनिक कार्यों की बारीकी से जांच की। इस दौरान उन्होंने जिला एवं सत्र न्यायाधीश यशवीर सिंह राठौर के साथ विभिन्न अदालतों का निरीक्षण किया तथा न्यायिक प्रक्रिया का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान न्यायमूर्ति निधि गुप्ता ने आमजन से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने अदालतों में चल रही सुनवाई को ध्यानपूर्वक सुना और कहा कि न्यायपालिका में सभी व्यक्तियों को समान रूप से न्याय मिलता है, चाहे वे किसी भी वर्ग के हों। उन्होंने कहा कि जो कोई भी कानून का उल्लंघन करता है, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाती है। क्योंकि कानून सबके लिए समान है। इस अवसर पर उन्होंने रिकॉर्ड रूम का भी गहन निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण से पूर्व न्यायमूर्ति निधि गुप्ता ने जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में पौधारोपण अवश्य करना चाहिए।

**फैसला** 14 को लंबे रूट पर जाने वाली बस आधा दिन तक रहेंगी बंद

# होली-धुलेंडी पर्व के दिन ध्यान से करें रोडवेज की बस में सफर

*ये फैसला पर्व के दिन बसों को नुकसान पहुंचाने वाले शरारती तत्वों से बचाव के लिए लिया*

नरेश पंवार ▶▶| कैथल

होली व धुलेंडी पर्व के दिन 14 मार्च को यदि आप कहीं दूर जाने का प्लान बना रहे हैं तो ध्यान से क्योंकि इस दिन रोडवेज के भरोसे आप मंजिल तक नहीं पहुंचे पाएंगे। परिवहन विभाग की ओर से होली व धुलेंडी पर्व के दिन 14 मार्च को लंबे रूटों पर जाने वाली बसों को आधा दिन तक बंद किया जाएगा। रोडवेज की ओर से यह फैसला पर्व के दिन बसों को नुकसान पहुंचाने वाले शरारती तत्वों से बचाव के लिए लिया गया है। यह बसें उस दिन दोपहर बाद बंद कर दी जाएंगी। बता दें कि पिछले वर्ष भी इस पर्व पर बसों को दोपहर बाद से बंद किया गया था। इसी कड़ी में हर वर्ष की भांति इस बार भी यात्रियों को रोडवेज बस की सुविधा नहीं दी जाएगी। इस पर्व के दिन यात्रियों की भी संख्या कम होती है तो रोडवेज विभाग भी बसें नहीं चलाता। ऐसे में इस दिन पूरे प्रदेश में चक्का जाम की स्थिति बनी रहती है। हालांकि अधिकारियों अनुसार असामाजिक तत्वों की ओर से बसों को नुकसान पहुंचाने का अंदेशा रहता है। इस कारण बसों को बंद किया जाता है।

#### आला अधिकारियों की ओर से आदेश जारी

हरियाणा रोडवेज कैथल के डयूटी निरीक्षक शमशेर सिंह मान ने बताया कि सरकार के आदेशों पर धुलेंडी पर्व के दिन 14 मार्च को दोपहर के समय सभी रूटों की बसों को बंद किया जाएगा। इसके लिए आला अधिकारियों की ओर से आदेश जारी कर दिए गए हैं। जबकि इससे एक दिन पहले होली पर बसें नियमित रूप से चलाई जाएंगी। धुलेंडी पर्व के दिन सुबह के समय तो कुछ बसों का संचालन किया जाएगा, लेकिन दोपहर बाद से सभी बसें अगले दिन सुबह तक बंद रहेगी।



#### नहीं भेजा जाएगा

परिवहन विभाग की ओर से दोपहर के बाद लंबे रूटों पर जाने वाली बसों को बंद किया जाएगा। धुलेंडी पर्व पर ग्रामीण रूटों पर भी बसों को नुकसान पहुंचाने की संभावना रहती है। ऐसे में इन रूटों पर भी दोपहर में बसें बंद कर दी जाती हैं। विभाग की ओर से इस दिन कैथल से दिल्ली, चंडीगढ़, हिसार, जींद, रोहतक, हरिद्वार सहित अन्य लंबे रूटों पर सरकारी बसों को नहीं भेजा जाएगा। अधिकारियों का कहना कि होली के दिन तो स्थानीय व ग्रामीण रूटों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पडेगा। ये बसें प्रतिदिन सामान्य दिनों की तरह ही जारी रहेंगी।

### जींद: ट्रेन की चपेट में आने से दो की मौत

जींद। अलग-अलग रेल हादसों में शुक्रवार को महिला व पुरूष की मौत हो गई। पुरूष की पहचान धर्मपाल (50) शिवपुरी कॉलोनी जींद के रूप में हुई तो महिला की पहचान सुरबरा गांव की कमलेश (50) के रूप में हुई है। धर्मपाल सुबह जींद से कुरुक्षेत्र जाने वाली ट्रेन में सफर करने के लिए उचाना से ट्रेन में चढ़ते समय पैर फिसलने से ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। वहीं दोपहर को सुरबरा निवासी महिला कमलेश बाजार से घर का सामान खरीद कर जा रही थी। लितानी रोड अंडरपास के पास रेलवे ट्रैक पार करते समय नांदेड़ एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गई। जीआरपी उचाना पुलिस चौकी एएसआई कुलदीप ने बताया कि धर्मपाल रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आ गया तो महिला कमलेश लितानी रोड अंडरपास के पास रेलवे लाइन क्रॉस करते समय ट्रेन की चपेट में आ गई। दोनों की पहचान करके परिजनों को सूचना देने के साथ महिला का शव नरवाना, पुरूष का शव पोस्टमार्टम जींद में करवाया गया है।




गाय सीढ़ियां चढ़ तो सकती है, लेकिन उसे उतरने में काफी परेशानी होती है।



चींटी एक ऐसा जीव है जिसके पास फेफड़े नहीं होते इसीलिए वह सो नहीं सकती है।



# चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर का पद शानदार, बनाएं करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर एक महत्वपूर्ण पद होता है, जो आज के समय में काफी ज्यादा डिमांड में रहता है। आज का समय टेक्नोलॉजी का युग माना जाता है। ऐसी स्थिति में टेक्नोलॉजी के माध्यम से किसी भी कार्य को अधिक आसानी से किया जाता है। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि वर्तमान समय में हर तरह की कंपनियां व्यवसाय को इस पद पर कार्यरत लोगों की मांग होती है क्योंकि आज के समय में अधिकांश कार्य ऑनलाइन माध्यम से किए जाते हैं। जो कार्य ऑफलाइन माध्यम से होते हैं, उन्हें भी मैनेज करने के लिए तथा व्यापार को बढ़ाने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना होता है।

## काफी ज्यादा मांग

चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर एक महत्वपूर्ण पद होता है, जो आज के समय में काफी ज्यादा डिमांड में रहता है। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि वर्तमान समय में हर तरह की कंपनियां व्यवसाय को इस पद पर कार्यरत लोगों की मांग होती है क्योंकि आज के समय में अधिकांश कार्य ऑनलाइन माध्यम से किए जाते हैं। जो कार्य ऑफलाइन माध्यम से होते हैं, उन्हें भी मैनेज करने के लिए तथा व्यापार को बढ़ाने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना होता है। आज का समय टेक्नोलॉजी का युग माना जाता है। ऐसी स्थिति में टेक्नोलॉजी के माध्यम से किसी भी कार्य को अधिक आसानी से किया जाता है। यहां मुख्य अधिकारी कंपनी के अंतर्गत सभी तरह के तकनीकी संसाधनों का प्रबंधन करता है उसका मूल्यांकन करता है तथा कंपनी का राजस्व अधिक बढ़ाने के लिए जरूरी हर तरह के टेक्नोलॉजी से संबंधित उपकरण उपलब्ध कराता है और उन पर अपनी निगरानी में तथा अपनी जिम्मेदारी से काम करके कंपनी को मदद पहुंचाता है। कंपनी के लिए उपयुक्त तथा उपयोगी हर तरह की टेक्नोलॉजी का लेखा जोखा और उसकी देखरेख मुख्य अधिकारी के अंतर्गत आती है। टेक्नोलॉजी की मदद से कंपनी को आसान तरीके से चलाने का कार्य भी मुख्य तकनीकी अधिकारी का होता है।

## करने होते ये काम

- चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर अपनी सूझबूझ से कंपनी के कार्य को अच्छी तरह से फैलाता है तथा कंपनी के मुख्य अधिकारियों को कंपनी को विकसित करने तथा अधिक मुनाफा प्राप्त करने में टेक्नोलॉजी के जरिए मदद करता है। चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर अपनी जिम्मेदारी से कंपनी के अंतर्गत होने वाले टेक्नोलॉजी से संबंधित कार्य को संपन्न करवाता है और टेक्नोलॉजी के सेक्टर से संबंधित कंपनी को हर तरह का सहयोग उपलब्ध कराता है। चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर कंपनी के अंतर्गत होने वाले सभी टेक्नोलॉजी से संबंधित कार्यों की रिपोर्ट कंपनी के मुख्य अधिकारियों को समय-समय पर सौंपता है।
- मुख्य तकनीकी अधिकारी अपनी सूझबूझ से आईटी परियोजनाओं को मार्केट में पहुंचाने का कार्य करता है।
- चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर कंपनी का सभी महत्वपूर्ण और जरूरी डाटा सुरक्षित रखता है।
- कंपनी के लिए जरूरी डाटा को सुरक्षित रखकर उसका प्रबंध करता है।
- मुख्य तकनीकी अधिकारी अपने अनुभव के आधार पर टेक्नोलॉजी की मदद से कंपनी और ग्राहक के बीच बेहतरीन संबंध स्थापित करता है।
- तकनीकी के नए-नए तरीकों से कंपनी के द्वारा विभिन्न प्रकार की समस्या का निवारण किया जाता है।
- तकनीकी की मदद से अत्याधुनिक तरीके से निवेश किया जाता है।
- कंपनी का राजस्व बढ़ाने के लिए मुख्य तकनीकी अधिकारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- कंपनी के लिए उपयोगी उपकरण हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर इत्यादि का संरक्षण और उपयोग सुनिश्चित करता है।

## जरूरी योग्यताएं

- सीटीओ बनने के लिए विद्यार्थी को सबसे पहले 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।
- 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद विद्यार्थी कंप्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में स्नातक की डिग्री हासिल करना अनिवार्य है।

### तनख्वाह

किसी भी कंपनी या व्यवसाय के अंतर्गत आने वाले सीटीओ की सैलरी इस बात पर निर्भर करती है कि वह अधिकारी दुनिया के किस देश में तथा किस प्रकार की कंपनी में काम करता है क्योंकि आमतौर पर बड़ी-बड़ी अमेरिकी कंपनियों में पूरी दुनिया के मुकाबले अतिरिक्त भुगतान किया जाता है। भारत में भी बड़ी-बड़ी कंपनियां मुख्य तकनीकी अधिकारियों को अच्छा वेतन प्रदान करती है। आमतौर पर भारत में चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर को प्रतिवर्ष 20,00,000 रुपए से लेकर 30 लाख रुपए के अंतराल में दिए जाते हैं। इसके अलावा अधिकारी के अनुभव और कंपनी के ऊपर सैलरी निर्भर करती है।

### कैसे बने सीटीओ

चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर बनने के लिए आपको शुरुआत से ही विज्ञान विषय से संबंधित अध्ययन करना चाहिए और इसी फील्ड में आगे बढ़ना चाहिए अगर आप चीफ टेक्नॉलाजी ऑफिसर बनना चाहते हैं, तो सबसे पहले आपको कंप्यूटर विज्ञान की फील्ड में स्नातक की डिग्री हासिल करनी होगी। ऐसा करने से आपके पास टेक्नोलॉजी से संबंधित महत्वपूर्ण ज्ञान आ जाएगा, जिसके आधार पर आप और अधिक गहराई से अध्ययन कर सकते हैं। आमतौर पर बड़ी-बड़ी कंपनियां सीटीओ के पद पर ऐसे अधिकारियों की नियुक्ति करती हैं जिन्हें पहले से ही कुछ एक्सपीरियंस हो ऐसी स्थिति में आप शुरुआती समय में छोटी कंपनियों में कार्य कर सकते हैं, जिससे समय के अनुसार आपका एक्सपीरियंस बढ़ता रहेगा।

---

### आधुनिक तकनीक अपनाकर कृषि क्षेत्र से भी की जा सकती है अच्छी आमदनी

# भारत में एग्रीकल्चर एक बहुत बड़ा क्षेत्र नौकरी के लिए भी अच्छा करियर विकल्प

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

एग्रीकल्चर का अर्थ होता है कृषि। भारत एक कृषि प्रधान देश है क्योंकि युगों युगों से भारत की अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है। खेती से ही भारत अपना जीवन यापन करता है। देश की अर्थव्यवस्था में खेती का बहुत बड़ा योगदान है। इसीलिए आप एग्रीकल्चर के क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं। अगर आपने यह सोचा है कि हम आपको खेती करने की सलाह दे रहे हैं, तो यह बिल्कुल गलत है क्योंकि वर्तमान समय में एग्रीकल्चर के रूप में विभिन्न पदों पर कार्यरत होकर आप एक बेहतरीन करियर विकल्प सुन सकते हैं। आज के समय में हमें ऐसी अनेक सारी खबरें देखने को मिलती है जिसमें विदेशों से लोग वापस लौट कर खेती करते हैं और करोड़ों रुपये कमा लेते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि वह लोग इतने सारे पैसे कैसे कमाते हैं। बता रहे हैं कि वर्तमान समय में खेती से संबंधित विभिन्न प्रकार की खेती की पद्धति प्रक्रिया सामने आई है। विशेष रुप से इजराइल की खेती प्रक्रिया से देश में बड़े पैमाने पर खेती की जा रही है। इजराइल खेती प्रक्रिया के अनुसार कम जमीन में और कम समय में लाखों रुपये की कमाई होती है। यही वजह है कि विदेशों में लोग बड़ी-बड़ी नौकरियां छोड़कर अपने देश लौटकर यहां पर खेती करके लाखों और करोड़ों रुपये कमा रहे हैं। जैसा कि आपको पता ही है कि वर्तमान समय में काम करने के प्रत्येक तरीकों में बदलाव आ चुका है। इसी प्रकार का बदलाव खेती के क्षेत्र में भी आ चुका है। आज के समय में एग्रीकल्चर एक बहुत बड़ा क्षेत्र बन चुका है। जहां पर लोग नौकरी करके एक बेहतरीन करियर विकल्प देखते हैं।

## अर्थव्यवस्था में बहुत बड़ा योगदान



### कैसे करे एग्रीकल्चर की पढ़ाई

एग्रीकल्चर में करियर बनाने के लिए आपको विभिन्न प्रकार के कोर्स करने होते है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि वर्तमान समय में एग्रीकल्चर का क्षेत्र बहुत बड़ा है। इसीलिए इसमें आपको विभिन्न प्रकार के नौकरियां करनी होती है विभिन्न प्रकार के पदों पर कार्य करके आप अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प चुन सकते हैं। एग्रीकल्चर के सत्र में विभिन्न प्रकार की डिग्रियां उपलब्ध कराई जाती है, जिनमें बेचलर, डिप्लोमा , मास्टर्स इत्यादि शामिल हैं। तो आइए एग्रीकल्चर के क्षेत्र में आने वाले कोर्स के बारे में भी आपको बताते हैं।

### आधुनिक कृषि के प्रकार

आज का समय बदल चुका है लगभग प्रत्येक कार्य को आधुनिक तरीके से किया जा रहा है जिसमें इंटरनेट और टेक्नोलॉजी का बहुत बड़ा योगदान है। इसी जगह जी के आधार पर तथा वैज्ञानिकों के सहारे पर अत्याधुनिक तरीके से खेती की जा रही है, जिसमें कम समय में कम जगह पर कार कंपनी से मोटा मुनाफा कमाया जाता है और बड़े पैमाने पर फसल का उत्पादन किया जाता है। इसमें कृषि इंजीनियर पता भारतीय प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। तो आइए जानते हैं कि अत्याधुनिक तरीके से आधुनिक कृषि के प्रकार कौन-कौन से हैं?

### कृषि इंजीनियरिंग

कृषि के क्षेत्र में भी इंजीनियर की पद्धति शुरू हो चुकी है। बता दें कि कृषि इंजीनियरिंग की मदद से ऐसे विशेष उपकरण तथा मशीनरी बनाई गई है जो कम समय में और कम जमीन पर लाखों रुपये की कमाई वाली फसलों को तैयार करता है। बता दें कि कृषि इंजीनियरिंग के तहत जल की निकासी सिंचाई ग्रामीण बिजली ग्रामीण रचनाएं मिट्टी का संरक्षण तथा कृषि के उपकरण इत्यादि विकल्प शामिल है। कृषि इंजीनियरिंग के अंतर्गत कृषि गतिविधियों को देखा जाता है। कृषि उपकरण कृषि मशीनों का निर्माण की प्रक्रिया जाता है तथा बेहतरीन ढंग से कार्य करवाया जाता है।

## एग्रीकल्चर क्षेत्र के कोर्स

- मास्टर ऑफ साइंस इन एग्रीकल्चर
- मास्टर ऑफ साइंस इन एग्रीकल्चर बॉटनी
- बीटेक इन एग्रीकल्चर
- डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर एंड अलाइड प्रेक्टिसस
- डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग
- बैचरल ऑफ साइंस इन एग्रीकल्चर
- बैचलर ऑफ साइंस आनर्स
- मास्टर ऑफ साइंस इन बायोलॉजिकल साइंस
- डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर

## करियर विकल्प

एग्रीकल्चर की महत्वता को जानते हुए भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा केंद्र से लेकर ग्रामीण स्तर तक विभिन्न प्रकार के एग्रीकल्चर से संबंधित पद जारी किए गए हैं। आप अपनी शिक्षा और अनुभव के आधार पर विभिन्न एग्रीकल्चर के कार्यों पर कार्यरत रह सकते हैं। आर्टिकल में बताए गए सभी प्रकार के कृषि क्षेत्रों से संबंधित करियर विकल्प विस्तार से जानते हैं।

### कृषि इंजीनियरिंग में करियर

कृषि इंजीनियरिंग के सत्र में शिक्षा प्राप्त करने के बाद आप कृषि से संबंधित मशीनरी और कृषि शिक्षा पद्धति को अपने अनुसार नया रूप दे सकते हैं। डिजाइन करवा सकते हैं, कंपनियों में काम कर सकते हैं या कृषि अनुसंधान केंद्र में विकास के नए नए उपयोग कर सकते हैं।

**अर्थशास्त्र में करियर:** कृषि अर्थशास्त्र के क्षेत्र में बेहतरीन करियर विकल्प देखने को मिलता है क्योंकि यहां पर आज के समय में किसानों को खेती करने के लिए ऋण लेना होता है। इसके अलावा कृषि अनुसंधान और कृषि अर्थशास्त्र के रूप में बाजार के रुझानों को जागना होता है।

### कृषि विज्ञान में करियर के अवसर

एग्रीकल्चर के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आप कृषि विज्ञान का क्षेत्र चुन सकते हैं क्योंकि इसमें मुख्य रूप से मिट्टी से संबंधित रिसर्च की जाती है, जिसमें मिट्टी के अनुसार हवा और पानी तथा समय के अनुसार कौन-कौन सी फसलें होगी तथा किस प्रकार से उन्हें उगाना है? और कौन-कौन से खाद एवं उर्वरक तथा कीटनाशक का उपयोग करना है। इस बारे में जानकारी दी जाती है।

## बागवानी

आज के समय में लाखों की संख्या में लोग बागवानी के शौकीन हैं। बागवानी के अंतर्गत विदेशी फूलों वाले पेड़ न, विदेशी पेड़, विभिन्न प्रकार के बाग बगीचे, खूबसूरत पुराने पेड़ पौधे लगाए जाते हैं। पेड़ पौधों को बड़ा करने के लिए और हमेशा स्वस्थ रखने के लिए विभिन्न प्रकार की जड़ी बूटियां दवाइयां दी जाती है। तथा उनकी देखभाल की जाती है इसके लिए विशेष प्रकार की कृषि विज्ञान की पढ़ाई करवाई जाती हैं।

वर्तमान समय में भारत में बागवानी के शौकीन बड़ी मात्रा में देखने के लिए मिल जाते हैं। विशेष रुप से अमीर लोग अपने फार्म हाउस पर बागवानी लगाते हैं। इसीलिए उन्हें बड़े पैमाने पर कृषि वैज्ञानिक की भी आवश्यकता पड़ती है।

### बागवानी के लिए शीर्ष संस्थान

- आचार्य एनजी रंगा कृषि विश्वविद्यालय, हैदराबाद
- तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयंबटूर
- महात्मा फुले कृषि विद्यापीठ, पुणे
- पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना
- गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर

## कृषि अर्थशास्त्र

अत्याधुनिक तरीके से कृषि करने के लिए विभिन्न प्रकार के अर्थशास्त्र के सिद्धांतों का उपयोग किया जाता है, जिसके आधार पर व्यापार और कृषि वस्तुओं का उत्पादन विभिन्न प्रकार के तरीके, कृषि उत्पादों की मांग, आपूर्ति, कृषि से संबंधित मदद, कृषि क्षेत्र में विशेषज्ञों का अनुभव तथा फसल, विज्ञान नीति, विश्लेषण, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, व्यापार, कृषि के उत्पादन आयात निर्यात कृषि क्षेत्र में पशुधन कृषि अर्थशास्त्र के रूप से नीति विश्लेषण, कृषि ऋण विश्लेषण, कृषि व्यवसाय इत्यादि कृषि के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**शीर्ष संस्थान :** कृषि अर्थशास्त्र क्षेत्र में कोर्स करवाने वाले भारत के शिक्षण संस्थान निम्नलिखित हैं –

- चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर
- महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर
- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली

## कृषि विज्ञान

कृषि विज्ञान अत्याधुनिक समय की कृषि के क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है क्योंकि इसमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण से कृषि से संबंधित प्रत्येक छोटी-बड़ी विषय वस्तु को जांच के आधार पर परखा जाता है, जिसमें विशेष रूप से मिट्टी का अध्ययन किया जाता है। मिट्टी के अनुसार पानी, फसल, खाद, बीज, उर्वरता, हवा, नमी, कीड़े, कीटनाशक इत्यादि के आधार पर फसल का रंग रूप तैयार किया जाता है। सबसे पहले मिट्टी की जांच करके यह देखा जाता है, किस मिट्टी में तथा संबंधित पानी में यहां के वातावरण के अनुसार कौन-कौन सी फसल हो सकती है? कौन से समय हो सकती है तथा उसके लिए कितना पानी लगेगा और किस प्रकार से कीटनाशक का उपयोग करना है। इत्यादि सभी महत्वपूर्ण जानकारी कृषि विज्ञान के क्षेत्र से संबंधित हासिल की जाती है।

**शीर्ष संस्थान :** एग्रीकल्चर के सत्र में आप करियर बनाना चाहते हैं, तो कृषि विज्ञान का सत्र अवश्य चुनें, क्योंकि यहां पर आपको बेहतरीन और विभिन्न प्रकार के कृषि विज्ञान से संबंधित करियर विकल्प देखने को मिलेंगे। भारत में कृषि विज्ञान की शिक्षा दिलाने वाले निम्नलिखित शिक्षण संस्थान है–

- तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयंबटूर
- आचार्य एनजी रंगा कृषि विश्वविद्यालय, हैदराबाद
- महात्मा फुले कृषि विद्यापीठ, पुणे
- पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना

### बागवानी के क्षेत्र में करियर के अवसर

बागवानी के सत्र में आप एक बेहतरीन करियर विकल्प चुन सकते हैं। इसके लिए फूलों की खेती अंगूर की खेती फलों की खेती सब्जियों की खेती खुशबूदार फूलों को गाना उसका शोषण करना समय समय पर खाद उर्वरक कीटनाशक का उपयोग करना तथा किस प्रकार से आयात निर्यात करना है। इत्यादि इस प्रकार से बागवानी के क्षेत्र में बेहतरीन करियर विकल्प चुन सकते हैं।

---

# परीक्षा का डर स्वाभाविक, यह जीवन के विशाल कैनवास पर एक छोटा-सा पड़ाव



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

परीक्षा के दौरान डर और चिंता का अनुभव करना स्वाभाविक है, लेकिन यह समय जीवन के विशाल कैनवास पर एक छोटा-सा पड़ाव मात्र है। तनाव, शरीर की प्राकृतिक प्रतिक्रिया है जो हमें चुनौतियों के लिए तैयार करता है, पर लंबे समय तक रहने पर यह नींद और आत्मविश्वास को कमजोर कर देता है। इसे प्रबंधित करने के लिए योग, प्राणायाम, या 5-4-3-2-1 तकनीक जैसे व्यावहारिक उपाय अपनाए जा सकते हैं। गीता का सिद्धांत-कर्म करो, फल की इच्छा मत करो- हमें तैयारी पर ध्यान केंद्रित करने की याद दिलाता है। परिणामों को जीवन की मंज़िल न समझें। टॉम क्रूज़, ओप्राह विन्फ्रे, या डॉ. कलाम जैसे उदाहरण साबित करते हैं कि अंक व्यक्ति की क्षमताओं को परिभाषित नहीं करते।

## अर्जुन की तरह अपने लक्ष्य पर फोकस रखें

भारत में रतन टाटा या मैरी कॉम जैसी प्रेरणाएं दिखाती हैं कि सफलता के रास्ते अनेक हैं। नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन जैसे संस्थान बिना डिग्री के भी रोज़गार के अवसर प्रदान करते हैं। हर व्यक्ति की प्रतिभा अद्वितीय होती है। हावर्ड गार्डनर के मल्टीपल इंटेलिजेंस थ्योरी के अनुसार, संगीत, शारीरिक कौशल, या सामाजिक बुद्धिमत्ता जैसे गुण भी सफलता की नींव रखते हैं। शौक, इंटर्नशिप, या ऑनलाइन कोर्सेज के माध्यम से इन्हें निखारा जा सकता है। स्वामी विवेकानंद का संदेश- उठो, जागो, और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो-हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। तनाव मुक्ति के लिए समय प्रबंधन, डायरी लेखन, या सहायता माँगना जैसे कदम उपयोगी हैं। पोमोडोरो तकनीक या प्राथमिकता सूची बनाकर पढ़ाई को प्रभावी बनाया जा सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए 7-8 घंटे की नींद, पौष्टिक आहार, और शारीरिक गतिविधियां तनाव कम करने में मददगार हैं। समाज के दबाव को समझते हुए भी अपनी सीमाएं तय करें। माता-पिता से खुलकर बात करें और अपनी योजनाओं को साझा करें। परिणाम के बाद भी जीवन नए रास्ते खोलता है-गैप ईयर, कौशल विकास, या वैकल्पिक शिक्षा संस्थानों के माध्यम से नए लक्ष्य बनाए जा सकते हैं। महाभारत के अर्जुन की तरह, अपने लक्ष्य पर फोकस रखें और शोर को अनदेखा करें। याद रखें, परीक्षाएं आपकी मेहनत को मापती हैं, मगर आपकी मानवता या सपनों को नहीं। एक परिणाम आपके हौसलों का अंत नहीं है। जैसे एक फसल खराब होने पर किसान खेती नहीं छोड़ता, वैसे ही आप भी आगे बढ़ते रहें। अटल जी के शब्दों में-तू न थकेगा कभी, तू न रुकेगा कभी...-यही जीवन की अनंत यात्रा का सार है।

## नए अवसर हमेशा मौजूद रहते

1. **मेहनत बनाम पहचान:** परीक्षाएं व्यक्ति की मेहनत और तैयारी का आकलन करती हैं, लेकिन वे उसकी मानवीय मूल्यों (जैसे दया, ईमानदारी) या सपनों की ऊंचाई को परिभाषित नहीं कर सकतीं।
2. **एक परिणाम, अंत नहीं :** किसी एक परीक्षा का नतीजा आपके हौसलों या संभावनाओं का अंतिम फैसला नहीं है। जीवन में नए अवसर और रास्ते हमेशा मौजूद रहते हैं।
3. **किसान का दृष्टांत:** जिस तरह एक बार फसल खराब होने पर किसान खेती नहीं छोड़ता, वैसे ही विद्यार्थी को भी लगातार प्रयास जारी रखना चाहिए। असफलता सीखने का हिस्सा है।
4. **अटल जी का प्रेरक संदेश:** 'तू न थकेगा कभी, तू न रुकेगा कभी...' -यह पंक्ति जीवन को एक अनवरत यात्रा मानने और चुनौतियों से लड़ने की प्रेरणा देती है।
5. **जीवन की विशालता:** परीक्षा परिणाम जीवन के एक पृष्ठ जितना महत्व रखता है, पूरी पुस्तक नहीं। सफलता के लिए धैर्य और लचीलापन ज़रूरी है।
6. **सपनों की उड़ान:** अंक या ग्रेड आपके सपनों की उड़ान को सीमित नहीं कर सकते। इतिहास गवाह है कि कई महान हस्तियों ने औपचारिक शिक्षा के बिना भी असाधारण उपलब्धियाँ हासिल कीं।

परीक्षाएं जीवन का एक छोटा चैप्टर हैं, जिन्हें समग्रता में देखना चाहिए। असफलता या सफलता से आगे बढ़ने का साहस ही वास्तविक जीत है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हिंदी किस भाषा परिवार की भाषा है
(ए) भारोपीय
(बी) द्रविड़
(सी) आस्ट्रिक
(डी) चीनी-तिब्बती

**2.** भारत में सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा कौन सी है
(ए) हिंदी
(बी) संस्कृत
(सी) तमिल
(डी) उर्दू

**3.** हिंदी भाषा का जन्म हुआ है
(ए) अपभ्रंश से
(बी) लौकिक संस्क्रत से
(सी) पालि-प्राकृत से
(डी) वैदिक संस्कृत से

**4.** निम्न में से कौन सी बोली अथवा भाषा हिंदी के अंतगर्त नहीं आती है
(ए) कन्नौजी
(बी) बांगरू
(सी) अवधी
(डी) तेलुगु

**5.** हिंदी की विशिष्ट बोली ब्रजभाषा किस रूप में सबसे अधिक प्रसिद्ध है
(ए) राजभाषा
(बी) तकनीकी भाषा
(सी) राष्ट्रभाषा
(डी) काव्यभाषा

**6.** भारतवर्ष में हिंदी को आप किस वर्ग में रखेंगे
(ए) राजभाषा
(बी) राष्ट्र भाषा
(सी) विभाषा
(डी) तकनीकी भाषा

**7.** ढूढाली बोली है
(ए) पश्चिमी राजस्थान की
(बी) पूर्वी राजस्थान की
(सी) दक्षिणी राजस्थान की
(डी) उतरी राजस्थान की

**8.** ब्रजबुली नाम से जानी जाती है
(ए) पंजाबी
(बी) मराठी
(सी) गुजराती
(डी) पुरानी बांग्ला

उत्तर 1.(ए) 2.(ए) 3.(ए) 4.(डी) 5.(डी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी)

## खबर संक्षेप

### प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन दस को

**जींद।** राजकीय आईटीआई में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन दस मार्च को कियाज जाएगा। इस रोजगार मेले में अंबर एंटरप्राइजेज इंडिया लिमिटेड गांव दादरी झज्जर हरियाणा बहुराष्ट्रीय कंपनी भाग ले रही हैं। जो युवाओं के लिए बेहतर करियर व रोजगार का प्रस्ताव लेकर आ रही हैं। एंबर इंटरप्राइजेज इंडिया कंपनी एयर कंडीशनर, रेफ्रिजरेटर और घरेलू उपकरण बनाती है।

### कबड्डी टीम के लिए ट्रायल नौ मार्च को

**जुलाना।** हरियाणा सीनियर कबड्डी चैंपियनशिप लड़के व लडकियों के लिए जिला जींद टीम का चयन नौ मार्च को करसोला गांव में किया जाएगा। कबड्डी विकास समिति जींद के प्रधान राकेश सिवाच ने बताया कि जिला जींद की सीनियर नेशनल कबड्डी टीम का चयन ट्रायल आधार पर होगा। इसके लिए जींद जिले के किसी भी गांव का खिलाड़ी ट्रायल दे सकता है।

### मृतक के परिवार को मिला 50 लाख रुपये मुआवजा

**जींद।** पंजाब नेशनल बैंक ने अपनी पीएनबी रक्षक योजना के तहत दिवंगत सैन्य कर्मी महिपाल की पत्नी संतोष को 50 लाख रुपये का मृत्यु बीमा दावा प्रदान किया है। यह मुआवजा योजना के तहत उन रक्षा कर्मचारियों के परिवारों को दिया जाता है जिनकी मृत्यु दुर्घटना या अन्य कारणों से हो जाती है। दिवंगत महीपाल का जींद जिले की उचाना तहसील में दुर्जनपुर शाखा में पीएनबी रक्षक प्लस योजना के तहत पैंशन खाता था।

### नागरिक अस्पताल मंदिर में भंडारे का आयोजन

**जींद।** जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल मंदिर में शुक्रवार को भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य अधिकारियों व कर्मियों ने आहूति डाली। इसके बाद भंडारे में सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। स्वास्थ्य निरीक्षक राममेहर वर्मा ने बताया कि यहां स्वामी पूर्णानंद जी महाराज ने 70 के दशक में समाधि दी थी। उनकी याद में मंदिर बनाया है।

### 26वां रंग रंगीला फागुन महोत्सव नौ से 14 तक

**जींद।** श्री श्याम प्रबंधक कमेटी द्वारा छह दिवसीय कार्यक्रम नौ मार्च से 14 मार्च तक 26वां रंग रंगीला फागुन महोत्सव का आयोजन श्री श्याम बगीची बनखंड महादेव मंदिर में किया जा रहा है। श्री श्याम प्रबंध कमेटी जींद द्वारा जींद के समस्त श्रद्धालुओं को फागुन महोत्सव में सादर आमंत्रित किया जा रहा है।

### भाषण प्रतियोगिता के रजिस्ट्रेशन 9 तक होंगे

**जुलाना।** माई भारत पोर्टल द्वारा भारत युवा संसद कार्यक्रम के तहत भाषण प्रतियोगिता के रजिस्ट्रेशन करवाएं जा रहे हैं। जिला युवा अधिकारी हरप्रीत ने बताया कि माई भारत पोर्टल द्वारा नौ मार्च तक भाषण प्रतियोगिता के रजिस्ट्रेशन करवाएं जा रहे हैं। इसमें माई भारत पोर्टल पर सबसे पहले रजिस्ट्रेशन कराना है। उसके बाद विकसित भारत युवा संसद का चयन करके एक मिनट की वीडियो बनाकर 25 एमबी तक की वीडियो अपलोड करनी है। उसके बाद 150 युवाओं का चयन किया जाएगा।

### हर वर्ग के लिए काम कर रही प्रदेश सरकार

**जींद।** लितानी रोड स्थित योजना बोर्ड के पूर्व सदस्य डा. जिले सिंह राणा के निवास पर सीएम ओएसडी वीरेंद्र बडखालसा पहुंचे। बडख़ालसा ने कहा कि भाजपा सरकार ने हर जाति के लिए भलाई और उत्थान का कार्य किया है। भाजपा सरकार ही गरीब लोगों का उत्थान कर सकती है। ऐसी सरकार है जो बेरोजगारी दूर कर मेरिट के आधार पर नौकरी दे रही है।

### मारपीट में एक व्यक्ति घायल, शिकायत दर्ज

**कैथल।** जांबा रोड जांबा पर हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। खेड़ी सिकंदर के सेवा सिंह ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 2 मार्च को जब वह जांबा रोड जांबा से गुजर रहा था तो अमित, सिंदर, अंकुश, गुरमीत और पिंटू ने मिलकर उसे पर लाठी डंडे और गंडासियों से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया।

---

### नागरिक अस्पताल में जन औषधि केंद्र का शुभारंभ

# औषधि केंद्र के खुलने से लोगों को उचित मूल्य पर जेनेरिक दवा मिलेगी

## अच्छी गुणवत्ता वाली दवा बाजार से 50 से 90% कम कीमतों पर मिलेगी

**जन औषधि केंद्र पर 100 से अधिक किस्म की दवाएं व करीब 50 से अधिक सर्जिकल सामग्री उपलब्ध करवाई**





**जींद।** जन औषधि केंद्र का शुभारंभ करते रूद्राक्ष व बेहतरीन कार्य करने पर स्वास्थ्यकर्मी मनजीत को सम्मानित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के बेटे रूद्राक्ष मिड्ढा ने शिरकत की जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक सीएमओ डा. पालेराम कटारिया ने की। कार्यक्रम में डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, एमएस डा. अरविंद, डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल, डा. मंजू सिंगला, डा. बिजेंद्र ढांडा मौजूद रहे। कार्यक्रम में नागरिक अस्पताल में बेहतरीन कार्य करने वाले कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। मुख्यअतिथि रूद्राक्ष मिड्ढा ने कहा कि जेनेरिक दवा उपलब्ध हो जाने से गरीब और असहाय लोगों पर आर्थिक बोझ कम पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस औषिधि केंद्र के खुलने से लोगों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवा मिलेगी। विशेष रुप से गरीब और वंचित लोगों के लिए सस्ती कीमतों पर दवाई उपलब्ध होगा। इस केंद्र से दवाओं की खरीदारी से खर्च को कम से कम किया जा सकता है। केंद्र पर सभी दवाएं उपलब्ध रहेंगी। कार्यवाहक सीएमओ डा. पालेराम कटारिया ने बताया कि जन औषिधि केंद्र पर 100 से अधिक किस्म की दवाएं व करीब 50 से अधिक सर्जिकल सामग्री भी उपलब्ध है। जन औषधि केंद्र के माध्यम से बाजार के मुकाबले जेनेरिक दवाओं से रोगियों को 50 से 90 प्रतिशत तक की आर्थिक बचत होगी। उन्होंने कहा कि दवाओं पर खर्च को कम करने के लिए गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं के लिए यह केंद्र गरीबों के लिए काफी राहत प्रदान करेगा। डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि जेनेरिक दवाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए स्वास्थ्य विभाग अभियान चलाए हुए है। इसका लाभ आम लोगों तक सुनिश्चित करने का रोडमैप तैयार किया हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूरे दुनिया में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य किया है। नागरिक अस्पताल की डिस्पेंसरी में न मिलने वाली दवाइयां जन औषधि केंद्र में सस्ती दरों पर उपलब्ध होंगी।

जन औषधि केंद्र में अच्छी गुणवत्ता वाली दवाइयां बाजार से लगभग 50 से 90 प्रतिशत कम कीमतों पर उपलब्ध हैं। यह दवाइयां सरकार की ओर से निर्धारित रेटों पर आमजन के लिए उपलब्ध हैं।

#### ब्रांडेड दवाओं से सस्ती

एमएस डा. अरविंद ने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र को अस्पताल द्वारा ही चलाया जाएगा। कार्यरत औषधाधिकारी ही इस कार्य को सुचारु रूप से चलाने के लिए लगाए गए हैं। यहां ब्रांडेड दवाइयों की तुलना में जन औषधि केंद्रों पर 50 से 90 प्रतिशत तक कम कीमत पर दवाएं उपलब्ध होंगी। जेनेरिक दवा ब्रांडेड दवाओं से सस्ती होती हैं। जेनेरिक दवाएं सीधे खरीदार तक पहुंचती हैं। सरकार इन दवाओं की कीमत खुद तय करती है। जेनेरिक दवाओं का असर, डोज और इफेक्ट्स ब्रांडेड दवाओं की तरह ही होते हैं। फिलहाल जन औषधी केंद्र को अस्पताल प्रशासन स्वयं चलाएगा।

---

# जरूरत के समय एक-दूसरे की मदद करें

- बच्चों को नहर से निकालने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल




**कैथल।** डीसी प्रीति नौच के निकट नहर में गिरी बस से बच्चों को बचाने वाली महिलाओं को सम्मानित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

डीसी प्रीति ने गत माह एक स्कूल बस के हांसी-बुटाना नहर में गिरने के हादसे में बच्चों को नहर से निकालने वाली तीन महिलाओं को महिला दिवस के उपलक्ष्य में सम्मानित किया। उन्हें प्रशस्ति पत्र व एक कंबल देकर प्रोत्साहित किया। डीसी ने तीनों महिलाओं की सराहना की।

डीसी ने तीन महिलाओं का आभार जताते हुए कहा कि बच्चों को बचाने में महिला होते हुए उन्होंने जो हिम्मत दिखाई है, वह काबिले तारीफ है। संकट के समय बच्चों को मदद मिलने पर उन्हें समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सका। इसके अलावा उन सभी लोगों के कार्य सराहनीय हैं, जिन्होंने उस समय बच्चों की मदद की थी। आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। समाज में सभी की जिम्मेवारी होती है कि जरूरत के समय एक दूसरे की मदद करें। संकट के समय बच्चों को बचाकर अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणादायक काम किया है। इसके लिए जिला प्रशासन तीनों का आभार प्रकट करता है।



**कैथल।** महिला थाना प्रभारी वीपा को सम्मानित करते पदाधिकारी।

#### दुर्गा शक्ति एप के बारे दी जानकारी

**कैथल।** समाज को विभिन्न मुद्दों पर जागरूक करने के एसपी राजेश कालिया के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत महिला थाना एसएचओ एसआई वीना द्वारा आईजी कालेज कैथल में छात्राओं को महिला विरुद्ध अपराधों, डायल 112, ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम और दुर्गा शक्ति ऐप के संबंध में जागरूक किया गया। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने बताया कि इस दौरान महिला एसएचओ द्वारा जानकारी दी गई कि आज महिलाओं के खिलाफ छेड़खानी, बलात्कार, यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, दहेज हत्या और महिला तस्करी इत्यादि अपराध हो रहे हैं, जिनसे महिलाओं की सुरक्षा के लिए बहुत से कानून तो बनाए ही गए हैं, इनके साथ-साथ मुसीबत में फंसी महिलाओं की तुरंत सहायता के लिए दूर्गा शक्ति ऐप व दूर्गा शक्ति फोर्स भी तैयार की गई है।

### कैथल: जन औषधि दिवस मनाया

**कैथल।** प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र वाल्मीकि चौक नियर हिंद सिनेमा पर जन औषधि दिवस मनाया गया। इसका संचालन दुकान के मालिक पंकज नारंग ने किया और लोगों से अपील की कि हमारे यहां अच्छी क्वालिटी की दवाइयां बहुत ही कम रेट पर उपलब्ध है। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे वार्ड नंबर 26 के पार्षद वीरेंद्र बत्रा और उनके साथ सतपाल भारद्वाज और संजय सचदेवा और शिवम ने भी शिरकत की और इन सब ने लोगों से अपील की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई हर प्रदेश में जन औषधि केंद्र की दुकानों पर हर प्रकार की जेनेरिक उच्च क्वालिटी की दवाइयां बहुत ही कम रेट पर मिलती हैं और लोगों से यहां से दवाइयां खरीदने की अपील भी की और लोगों को कहा कि आप इसका बहुत-बहुत फायदा उठाएं। इस मौके पर कमल नारंग, मुकेश नारंग,संदीप धीमान मौजूद रहे।

---

#### मजदूरों की भलाई के लिए काम करें

**जींद।** वार्ड 30 बूढ़ाबाबा बस्ती के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सिंग स्टाफ, आंगनवाड़ी वर्कर्स व आशा वर्कर्स ने भाग लिया। सबसे पहले वार्ड के पार्षद सतीश हरियाणवी ने संबोधित किया और कहा कि उनके वार्ड के अधिकांश लोग मजदूर हैं। इसलिए अधिकारी व कर्मचारी उनके लिए ईमानदारी के साथ उनकी भलाई के लिए काम करें। पीएचसी के मेडिकल आफिसर डा. विकास ने सभी कर्मचारियों को पब्लिक डीलिंग के दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में पूछा और मौके पर समाधान किया। इस मौके पर डा. स्तुति, दिव्या, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी वर्कर्स व आशा वर्कर्स और नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहा।




**जींद।** कार्यक्रम को संबोधित करते सतीश हरियाणवी। *फोटो :हरिभूमि*



**जींद।** कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्रा। *फोटो :हरिभूमि*

#### नारी शक्ति का सशक्त होना आवश्यक

**जींद।** राजकीय महिला महाविद्यालय में वरिष्ठ नागरिक मंच एवं महाविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया। इसमें मुख्यअतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य जयनारायण गहलावत एवं समारोह में विशेष सम्मानित अतिथि ऊषा चावला रहे। समारोह में समिति के सह सचिव सदस्य सुभाष पाहवा, महिला विंग की अध्यक्षा दर्शना सिंगला, प्रधान सचिव एसके भारद्वाज एवं शहर के अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भाग लिया। समिति ने कालेज की मेधावी छात्राएं जिन्होंने शैक्षणिक, सांस्कृतिक खेलकूद, एनएसएस एवं एनसीसी में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, उनको सम्मानित किया गया। कालेज की महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डा. सुमिता द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, वाद्-विवाद एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया।

#### कंडेला खाप सीएम ओएसडी से मिली

**जींद।** कंडेला खाप के सर्वजातीय प्रधान धर्मपाल कंडेला ने पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह उचाना में हरियाणा सरकार के मुख्यमंत्री के ओएसडी विरेंद्र सिंह बडखालसा से खाप प्रतिनिधिमंडल के साथ भेंट की। कंडेला खाप ने बडखालसा को हल भेंट कर स्वागत किया तथा ओएसडी ने धर्मपाल कंडेला एवं उपप्रधान दयानंद रेढू को चादर भेंट कर सम्मानित किया। दाडन, राठी एवं चहल खापों ने भी पगड़ी पहना कर ओएसडी का सम्मान किया। सभी खापों ने सामूहिक रूप से समाज हित से जुड़े मुद्दे प्रस्तुत किए। धर्मपाल कंडेला ने हिंदू विवाह अधिनियम एवं लिव इन रिलेशनशिप को समाज को तोडने वाला कानून बताते हुए इसके दुष्परिणामों एवं बढ़ते मुकद्मों पर चिंता व्यक्त की तथा लिव इन रिलेशनशिप कानून में संशोधन एवं नशारोधी कड़े उपायों की आवश्यकता पर बल दिया।



**जींद।** मुख्यमंत्री ओएसडी को ज्ञापन सौंपते खाप प्रतिनिधि।



**जींद।** चम्मच दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते छात्राएं। *फोटो :हरिभूमि*

#### चम्मच-नींबू दौड़ प्रतियोगिता में अनुष्का

**जींद।** राजकीय कालेज में प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता व महिला प्रकोष्ठ विभाग के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष गतिविधियों का आज पांचवें दिन महिलाओं की चम्मच-नींबू दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया । जिसमें कॉलेज की स्नातक व स्नातकोत्तर की छात्राओं ने भाग लिया। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि छात्राओं को इस तरह की गतिविधियों के अवसर को लाभ उठाना चाहिए। क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है। महाविद्यालय के उपप्राचार्य मनीष कुमार ने छात्राओं को इस प्रकार की गतिविधियों में हिस्सा लेने पर बधाई दी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनुष्का बीकॉम प्रथम वर्ष रही। जबकि द्वितीय स्थान शीतल बीकॉम प्रथम वर्ष, तृतीय स्थान रीना बीए तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया।

---



**जींद।** कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। *फोटो :हरिभूमि*

#### संगोष्ठी का आयोजन किया

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय में भूगोल विभाग और कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल ने भूस्थानिक करियर पथों का मानचित्रण जीआईएस और भूगोल सूचना प्रौद्योगिकी में अवसर पर एक दिवसिय संगोष्ठी का आयोजन किया। जिसका प्रायोजन स्काईलाइन इंस्टीट्यूट ऑफ जियो इन्फॉर्मेटिक्स संस्थान द्वारा किया गया। इस संगोष्ठी की शुरुआत कैरियर काउंसलिंग ओर प्लेसमेंट सेल से डा. सुषमा गर्ग, प्राचार्या डा. पूनम मोर, डा. रविंद्र नाथ तिवारी रहे। डा. तिवारी ने भूस्थानिक क्षेत्र में विभिन्न कैरियर अवसरों पर अति महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया। जिसमें उन्होंने विभिन्न सेक्टरों जैसे कि शहरी नियोजन, पर्यावरण प्रबंधन और आपदा प्रतिक्रिया में भू जानकारी प्रणाली की परिवर्तनकारी भूमिका को उजागर किया।

# समाधान शिविर में नौ फरियादी पहुंचे

- अधिकारी समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का तुरंत करें निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** शिकायतों का समाधान करते एडीसी विवेक आर्य। *फोटो :हरिभूमि*

अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई की और अधिकारियों को सभी शिकायतों का तुरंत निपटारा करने के निर्देश दिए। कहा कि सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक कार्य दिवस समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं ताकि लोगों की शिकायतों का शीघ्र समाधान हो सके। लघु सचिवालय के सभागार में प्रशासन द्वारा लगाए जा रहे इन शिविरों में नागरिकों की समस्याओं को सुना जा रहा है और उनका समाधान किया जा रहा है। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें। सरकार ने विभिन्न वर्गों के कल्याण के लिए पेंशन योजनाएं, कन्यादान राशि, मकान नवीनीकरण, स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाएं सहित अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि पात्र और जरूरतमंद लोगों को इन योजनाओं का समय पर लाभ मिले और उनकी समस्याओं का समाधान हो। अतिरिक्त उपायुक्त ने यह भी कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों के निपटारे के लिए विभागों के उच्च अधिकारी स्वयं उपस्थित रहें।



**जींद।** कार्यक्रम में मौजूद सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*

#### साप्ताहिक कार्यशाला संपन्न

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि में योग विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित साप्ताहिक कार्यशाला में समग्र स्वास्थ्य के लिए प्राकृतिक चिकित्सा का समापन दिवस रहा। मुख्यअतिथि के तौर पर सूर्यदेव आर्य तथा आर्य प्रवीन गोमत ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्जवलित करके की गई एवं अतिथि को पुष्प भेंट कर सम्मानित किया गया। सूर्यदेव आर्य ने बताया कि स्वस्थ रहने के सरल उपाय है। भोजन में वह लेना चाहिए जो लाभकारी है। हमें 80 % कच्चा भोजन तथा 20 % पक्का आहार लेना चाहिए। सभी रोगों का मूल कारण शरीर में विजातीय द्रव्यों का एकत्रित होना है। इससे बचने के लिए विजातीय द्रव्यों का मल अवरोध कभी नहीं करना चाहिए।

### एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत मेरे भारत के लिए युवा विषय पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल इंडिया की अवधारणा को समझना और युवाओं की इसमें भूमिका पर चर्चा करना था। कार्यक्रम अधिकारी डा. निशु गुप्ता ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस केवल एक सेवा कार्यक्रम नही बल्कि व्यक्तित्व विकास और सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में एक सशक्त मंच है। उन्होंने स्वयंसेवकों को समाज में डिजिटल जागरूकता और सेवा भाव से जुड़े कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य विजेंदर कुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि डिजिटल इंडिया केवल तकनीकी परिवर्तन नही बल्कि एक सामाजिक क्रांति है।

**न्यायालय सब रजिस्ट्रार कम तहसीलदार जीन्द।**

मैं अमित कुमार पुत्र स्वः श्री श्याम लाल निवासी शीतलपुरी कॉलोनी नरवाना रोड़ जीन्द तहसील व जिला जीन्द का स्थायी निवासी हूँ।

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पिता स्वः श्री श्याम लाल पुत्र श्री रामधारी निवासी शीतलपुरी कॉलोनी जीन्द का स्वर्गवास दिनांक 30-06-2024 को हो चुका है। मेरे पिता की मृत्यु के पश्चात उनके निम्न वारिस हैं-

1. अमित कुमार (आधार न० 2703 7697 8177) पुत्र स्वः श्री श्याम लाल (लगभग 39 वर्ष), 2. सुमित कुमार (आधार नम्बर 5641 1829 1249) पुत्र स्वः श्री श्याम लाल, (लगभग 26 वर्ष), 3. दीपक कुमार (आधार नम्बर 8495 6313 1126) पुत्र स्वः श्री श्याम लाल (लगभग 25 वर्ष), 4. लक्ष्मी (आधार नम्बर 9684 7499 7283) पत्नी स्वः श्री श्याम लाल (लगभग 63 वर्ष), मेरे पिता स्वः श्री श्याम लाल का उपरोक्त सदस्यों के अलावा और कोई वारिस ना है। अब उपरोक्त वारिसानों ने एक इस्ताहर तैयार करवाया है जिसे अमित कुमार पुत्र स्वः श्री श्याम लाल पुत्र श्री रामधारी ने पंजीकरण हेतु इस कार्यालय में पेश की है और उपरोक्त वारिसानों के नाम पंजीकरण करवाने में किसी को कोई ऐतराज ना है इसलिए इस इस्ताहर के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि अगर किसी अन्य वारिस या किसी आम इंसान को कोई समस्या है तो 30 दिनों के अंदर इस कार्यालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से पेश हो अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर इस इश्तहार का पंजीकरण कर दिया जाएगा।

हस्ता/- न्यायालय सब रजिस्ट्रार कम तहसीलदार जीन्द।

---

### सीआरएसयू में अंतरराष्ट्रीय महिला सप्ताह का भव्य समापन

# महिलाएं पहले स्वयं आत्मनिर्भर बनें: प्रो. मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए छात्राएं। *फोटो :हरिभूमि*

महिला प्रकोष्ठ चौधरी रणबीर सिंह विवि द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला सप्ताह का भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो० लवलीन मोहन बतौर मुख्यअतिथि रही। इस कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्जवलित करके की गई। विवि महिला प्रकोष्ठ की चेयरपर्सन डा. निशा देउपा ने कुलसचिव व कार्यक्रम में उपस्थित सभी का स्वागत किया। कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को सबसे पहले स्वयं को आत्मनिर्भर बनाना चाहिए ताकि वह बिना किसी के सहारे से अपनी इच्छाओं को पूरा कर सके और स्वतंत्रता से अपना जीवन व्यतीत कर सके। उन्होंने सभी छात्राओं से कार्यक्रम की शुरुआत में आई मुख्यअतिथि महिला आयोग हरियाणा की चेयरमैन रेणु भाटिया के द्वारा की गई बातों पर अमल करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सबसे पहले अपने स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक तौर पर मजबूत होना बहुत जरूरी है और जितना हमारे लिए सांस लेना जरूरी है, उतना है स्वतंत्र होना जरूरी है। इस अवसर पर ज्योति सहायक प्राध्यापक रिसोर्स पर्सन के तौर पर मौजूद रहे। उन्होंने अपने गीतों से सबका मनमोहा और प्रेरणा भरी कविताएं सुनाई। इसके साथ-साथ विवि के म्यूजिक विभाग से डा. कविता एवं डा. भावना ने भी महिला दिवस के उपलक्ष में गीत के माध्यम से सभी को शुभकामनाएं दी।

#### डिबेट प्रतियोगिता में डा.ज्योति प्रथम

महिला प्रकोष्ठ की चेयरपर्सन डा. निशा देउपा ने बताया कि डिबेट प्रतियोगिता में अध्यापकों के बीच हुई प्रतिस्पर्धा में डा. ज्योति ने प्रथम, सुमन मालिक ने द्वितीय तथा डा. पूनम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों के बीच मोनिका प्रथम, मंजू द्वितीय एवं विधि तृतीय स्थान पर रही। फैशन शो में टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ के बीच हुई प्रतिस्पर्धा में पूनम हिंदी डिपार्टमेंट प्रथम, तमन्ना द्वितीय तथा ज्योति ग्रोवर तृतीय स्थान पर रही। विद्यार्थियों के बीच योगिता प्रथम, निकिता द्वितीय और ज्योति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विवि की टीचिंग, नॉन टीचिंग महिला कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया।

## खबर संक्षेप



### ईश्वर सिंह ट्रक यूनियन चीका के प्रधान बने

**गुहला चीका।** ट्रक यूनियन चीका के चालकों व परिचालकों की एक बैठक सीड़ा तोमर खाप के प्रधान बाबा मेहर सिंह व खाप प्रवक्ता हरजिंदर नंबरदार की अध्यक्षता में ट्रक यूनियन गुरुद्वारा के प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से ट्रक यूनियन का प्रधान बनाने बारे विचार-विमर्श किया गया। बाबा मेहर सिंह ने बताया कि ईश्वर सिंह उर्फ माटा को सर्वसम्मति से ट्रक यूनियन का प्रधान चुना गया है।

### पुलिस कर्मियों ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**कैथल।** पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मुहिम दौरान गुहला डीएसपी कुलदीप बेनीवाल, एसएचओ चीका इंस्पेक्टर सुरेश कुमार ने गांव सिहाली, बुढ़नपुर, मोहनपुर में तथा डीएसपी बीर भान व चौकी संगतपुरा प्रभारी एएसआई बलजीत ने गांव मालखेड़ी में ग्रामीणों से मुलाकात की।

### चार साल से लापता बच्ची को परिवार से मिलवाया

**कैथल।** पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा पुलिस द्वारा मार्च माह दौरान ऑपरेशन स्माइल नाम से मुहिम चलाई गई है। शुक्रवार को एसआई ईश्वर सिंह, लेडी एचसी सरोज व महिला सिपाही शीतल की टीम द्वारा गुम हुई 4 साल की छोटी बच्ची जो खुराना रोड़ कैथल पर रोती हुई लावारिस हालात में मिली। उक्त बच्ची 6 मार्च को शाम के समय सेक्टर 21 स्थित झुग्गी से रास्ते भटकर चली गई थी।

### किशोरी को अगवा करने के आरोप में केस दर्ज

**कैथल।** एक किशोरी को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने के आरोप में सीवन पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सीवन पुलिस थाना के तहत आने वाले क्षेत्र के एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि कोई अज्ञात व्यक्ति 5 मार्च को गांव हरनौला से उसकी 16 वर्षीय बेटी को शादी के झांसा देकर बहला फुसला कर भगा ले गया।

### खो-खो प्रतियोगिता के लिए ट्रायल 10 को

**कैथल।** जिला खेल अधिकारी राजरानी ने बताया कि अखिल भारतीय सिविल सेवा खो-खो प्रतियोगिता (पुरुष व महिला) 2024-25 का आयोजन 21 से 24 मार्च तक विनय मार्ग स्पोर्ट्स काम्पलैक्स चाणक्यपुरी नई दिल्ली में करवाया जा रहा है।

### शिक्षकों ने मांगों को लेकर अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**जींद।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जींद की बैठक जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष वर्मा के साथ जिला प्रधान जितेन्द्र बैनीवाल के नेतृत्व में हुई। इसमें मुख्य रूप से एसीपी के लंबित मामले निपटाने के बारे में कहा गया। कोषाध्यक्ष अभिमन्यु रेढू ने कहा कि मेडिकल के बिलों का बजट के साथ-साथ जल्द से जल्द निपटान किया जाए।

केएम राजकीय महाविद्यालय में 58वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

# पुरुषों की 1500 मीटर दौड़ में बीए प्रथम वर्ष का साहिल सबसे तेज दौड़ा

महिलाओं की लंबी कूद में ईश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में 58वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर मेजर सुरेंद्र कुमार के निर्देशन में शुरू हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ की मुख्य अतिथि बॉक्सिंग में वर्ल्ड चैंपियन गोल्ड मेडलिस्ट कुमारी मनीषा मौण रही। कॉलेज प्राचार्या डॉ मीनू सिंह ने मुख्य अतिथि का कॉलेज आगमन पर स्वागत करते हुए कहा कि 12 वर्ष की आयु में ही बॉक्सिंग में कदम रखने के बाद इन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और विश्व स्तर पर भारत का नाम रोशन किया। उन्होंने प्रतिभागियों को भी संबोधित करते हुए कहा कि यह वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आपके लिए केवल एक खेल आयोजन नहीं बल्कि व्यक्तित्व विकास का शानदार मंच है। इसलिए खेल और शिक्षा का संतुलन बनाते हुए मनीषा की तरह विश्व चैंपियन बनने का सपना साकार करने की प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कुमारी मनीषा मौण ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देती हैं बल्कि अनुशासनए टीमवर्क और नेतृत्व कौशल को भी विकसित करती हैं। इसलिए खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर मेजर सुरेंद्र कुमार ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित करते हुए बताया कि 1500 मी महिला दौड़ में बीए प्रथम वर्ष की काफी ने प्रथम स्थानए बी ए अंतिम वर्ष की रिंकू ने द्वितीय तथा बीए प्रथम वर्ष की काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 1500 मी पुरुष दौड़ में साहिल प्रथमए अजय बी ए प्रथम वर्ष द्वितीय तथा सोहनलाल बी ए प्रथम वर्ष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महिला 200 मीटर दौड़ में काफी बी ए प्रथम वर्ष प्रथमए ईशा बी ए अंतिम वर्ष से द्वितीय तथा बीए फाइनल की रिंकू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर पुरुष दौड़ में साहिल बीए प्रथम वर्ष फस्र्टए अमन बी ए सेकंड द्वितीय तथा नितिन बी ए सेकंड तृतीय स्थान पर रहा। लंबी कूद महिला में ईशा बी ए फाइनल ने प्रथम स्थानए बी ए प्रथम वर्ष की काफी ने दूसरा तथा बीए फाइनल की रिंक को तृतीय स्थान प्राप्त किया। शॉट पुट महिला में रिंकू अंतिम वर्ष की छात्रा ने प्रथम स्थानए ईशा बी ए फाइनल ने द्वितीय तथा प्रिया बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

शॉट पुट पुरुष में आशीष बी ए अंतिम वर्ष ने पहला स्थानए आशीष बी ए प्रथम वर्ष ने दूसरा तथा सुमित बी प्रथम वर्ष मैथ ऑनर्स ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद पुरुष में आशीष बी ए अंतिम वर्ष ने पहला अभी बी ए अंतिम वर्ष ने दूसरा तथा विक्रम बी ए फाइनल ईयर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो महिला में बी ए अंतिम वर्ष की छात्रा ईशा प्रथमए बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा प्रिया द्वितीय तथा बीए अंतिम वर्ष की छात्रा आरती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो पुरुष में आशीष कुमार प्रथम वर्ष पहले स्थान परए मैथ ऑनर्स प्रथम वर्ष के सुमित कुमार दूसरे स्थान पर तथा बीए द्वितीय वर्ष के नितिन तीसरे स्थान पर रहे ।हैमर थ्रो में बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा प्रिया प्रथम स्थान परए बीए अंतिम वर्ष की छात्रा ईशा द्वितीय तथा बी ए प्रथम वर्ष की छात्रा काफी तीसरे स्थान पर रही। 400 मीटर महिला दौड़ में काफी बी प्रथम वर्ष ने प्रथमए बीए द्वितीय वर्ष की खुशी दूसरे स्थान पर तथा बीए प्रथम वर्ष की सोनिया तीसरे स्थान पर रही। डिस्कस थ्रो पुरुष में प्रथम वर्ष के आशीष प्रथमए मैथ ऑनर्स प्रथम के सुमित द्वितीय तथा बी ए द्वितीय वर्ष के छात्र नीतिन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। हाई जंप महिला वर्ग में ईशा बीए अंतिम वर्ष की छात्रा प्रथमए प्रिया बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा द्वितीय तथा बीए प्रथम वर्ष की छात्रा काफी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।



**नरवाना।** प्रतियोगिता में दमखम दिखाते हुए खिलाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*



**पूंडरी।** भिक्षावृत्ति व बाल मजदूरी में रेस्क्यू किए गए बच्चे टीम के साथ।

# बाल भिक्षावृत्ति रोकने के लिए पूंडरी में छापेमारी

- जिला बाल संरक्षण कार्यालय की टीम ने चार बच्चों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

बाल भिक्षावृत्ति को रोकने के लिए जिला बाल संरक्षण कार्यालय की टीम ने शुक्रवार को पूंडरी में छापेमारी की।

यह अभियान जिला परियोजना अधिकारी अशोक कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों की टीमें शामिल रहीं। यह अभियान पुलिस विभाग और गैर-सरकारी संस्था एमडीडी ऑफ इंडिया के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। टीम ने स्थानीय बाजारों, बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर निरीक्षण किया, जहां अक्सर बच्चे भीख मांगते देखे जाते हैं। इस दौरान 2 बच्चे भिक्षावृत्ति व 2 बच्चे बाल मजदूरी करते पाए गए। सभी बच्चों को उचित पुनर्वास के लिए बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया गया।

## 15 हजार रिश्वत लेता एसआई गिरफ्तार

**जींद।** एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने जींद में सदर थाना पुलिस के एएसआई महेंद्र सिंह को 15 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एंटी करप्शन ब्यूरो ने एएसआई महेंद्र के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मनोहरपुर निवासी पवन ने एसीबी करनाल को दी शिकायत में बताया कि दो मार्च की रात को वह और उसका भाई सागर तथा मजदूर प्रिंस खेत में सोए हुए थे। तभी बाइकों पर सवार होकर आठ-नौ लोग आए और उन पर हमला कर दिया। जिसमें सागर और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान हमलावर युवक उसके पास मौजूद 12 हजार 600 रुपए की नकदी लेकर फरार हो गए। हमलावरों में एक की पहचान प्रदीप के रूप में हुई। जिसके साथ बरसाना गांव का छोटा भी था। पुलिस ने इस मामले में प्रदीप सहित अन्य के खिलाफ मारपीट करने सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया था। एएसआई महेंद्र मामले में कार्रवाई नहीं कर रहा था। कार्रवाई करने की एवरेज में एएसआई महेंद्र 15000 की डिमांड कर रहा था।

# जन औषधि केंद्र का लाभ उठाएं

- जिला नागरिक अस्पताल में मनाया गया जन औषधि दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शुक्रवार को नागरिक अस्पताल में जन औषधि दिवस मनाया गया। इसमें डीसी प्रीति ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इसके बाद उन्होंने केंद्र का निरीक्षण किया तथा बारिकी से जानकारी हासिल की। डीसी प्रीति ने कहा कि जिला वासियों को इस केंद्र के तहत सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाईंया उपलब्ध होती हैं। हर साल सात मार्च को जन औषधि दिवस मनाया जाता है, ताकि आमजन को इस योजना के प्रति जागरूक किया जा सके। इन केंद्रों पर जैनरिक दवाओं 80 प्रतिशत तक सस्ते दामों पर उच्च गुणवता वाली दवाईयां उपलब्ध रहती है। देश में 15 हजार से अधिक जन औषधि केंद्र खोले गए हैं।

उन्होंने मौके पर मौजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कहा कि जो भी योजनाएं चल रही है, हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए शिविरों का आयोजन करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद व्यक्ति इस योजना का लाभ उठा सके। उन्होंने कहा कि कम दाम में उच्च गुणवत्ता वाली दवाईयों मिलने से इलाज आसान होगा। महंगी दवाईयों पर खर्च कम होगा।



**कैथल।** डीसी प्रीति जन औषधि दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए।

## मतगणना को लेकर प्रशासन अलर्ट पर

**कैथल।** नगर पालिका कलायत, पूंडरी व सीवन के प्रधान व पार्षद पद के चुनाव की मतगणना को लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों को लघु सचिवालय के सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। इसमें पूंडरी आरओ अजय सिंह तथा कलायत आरओ अजय हुड्डा मौजूद रहे। मास्टर ट्रेनरों ने मतगणना के सभी पहलुओं की जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि आगामी 12 मार्च को निर्धारित समय पर मतगणना का कार्य शुरू हो जाएगा। इसमें आयोग की हिदायतों का शत प्रतिशत पालन किया जाए। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। एसडीएम अजय सिंह तथा अजय हुड्डा ने कहा कि किसी भी चुनाव प्रक्रिया में प्रशिक्षण बहुत महत्वपूर्ण होता है।

# ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करें

- डीसी ने यातायात पुलिस को विशेष रूप से चालान मशीन उपलब्ध करवाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

लघु सचिवालय परिसर में आने वाले वाहन चालकों को नियमों का पालन करना होगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान किए जाएंगे। डीसी प्रीति ने यातायात पुलिस कर्मचारियों को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं। साथ ही सड़क सुरक्षा फंड से एक चालान मशीन खरीद कर देने के भी निर्देश दिए हैं।

विदित रहे कि डीसी प्रीति ने पिछले माह लघु सचिवालय परिसर में बिना हेलमेट के आने वाले वाहन चालकों, नियमों का उल्लंघन करके लघु सचिवालय में आने वाले कर्मचारियों व कार में बिना सीट बेल्ट व अन्य नियमों का उल्लंघन करने वालों की पहचान करके आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे। संबंधित कर्मचारियों की सूची बनाकर यातायात पुलिस कर्मचारियों को डीसी कार्यालय को अवगत करवाने के निर्देश जारी किए गए थे। इसके साथ-साथ यातायात पुलिस ने अब तक 62 लोगों के चालान भी किए हैं। शुक्रवार को डीसी प्रीति ने इस मामले पर बैठक की।



## महिला दिवस पर इंडस पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या सम्मानित

**कैथल।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर इंडस पब्लिक स्कूल, कैथल की प्रधानाचार्या तनु पूनिया को आईडीबीआई कैथल द्वारा उनके उत्कृष्ट नेतृत्व,शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान और समाज में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बैंक प्रबंधन की ओर से उन्हें प्रतीकात्मक उपहार स्वरूप एक पौधा भेंट किया गया ।

सम्मान समारोह में बैंक मैनेजर बॉबी बबीता तथा रचना मलिक, महिपाल सिंह, अभिमन्यु राजेश, अजय शर्मा, यशन मलिक, स्वाति अधिकारी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। बैंक प्रबंधन ने कहा कि शिक्षा ही समाज की प्रगति की नींव है और प्रधानाचार्या तनु पूनिया ने अपनी दूरदर्शिता और समर्पण से विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। तनु पूनिया ने बैंक अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं बल्कि पूरे विद्यालय परिवार का है। उन्होंने महिलाओं को शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया।



कैथल। तनु पूनिया को सम्मानित करते आईडीबीआई कैथल के पदाधिकारी।

# आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

- किसी भी स्तर पर कोई चूक और कोताही सहन नहीं होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

एसडीएम अजय हुड्डा कलायत उप मंडल क्षेत्र में सरकारी स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों व दूसरे विभागों की व्यवस्था को जांचने में लगे हैं। इसके तहत प्रशासनिक अधिकारी ने गांव शिमला का दौरा किया। उन्होंने स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं को परखने के साथ-साथ आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम ने कर्मियों को अपनी ड्यूटि के प्रति संजीदगी का परिचय देते हुए लोगों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। अजय हुड्डा ने कहा कि उप मंडल के सभी विभागों को जिम्मेवारी ने अपने कर्तव्य का निर्वहन करने के सख्त आदेश हैं। किसी भी स्तर पर कोई चूक और कोताही सहन नहीं होगी। निर्धारित समय पर ड्यूटि पर हाजिर होने और सेवाओं का लाभ आम जन तक पहुंचाना जरूरी है। एसडीएम ने आंगनबाड़ी केंद्रों व स्कूलों में मिड डे मिल सहित साफ-सफाई और बुनियादी सुविधाओं पर मुख्य फोक्स रखा। वे ग्रामीणों से संवाद करते हुए व्यवस्था को मजबूत करते नजर आए। प्रशासनिक अधिकारी ने कहा कि उप मंडल के सभी विभागों को कार्यकुशल बनाया जा रहा।



**कलायत।** के गांव शिमला में स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करते एसडीएम अजय हुड्डा। **फोटो : हरिभूमि**

## कर्मचारी आज रोहतक में राज्य स्तरीय कन्वेंशन में भाग लेंगे

- मांगों को लेकर आंदोलन की घोषणा करेंगे : नरेंद्र दिनोद

**कैथल।** हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन कैथल डिपो कार्यकारणी की मीटिंग डिपो प्रधान अमित कूंडु की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसका संचालन डिपो सचिव कृष्ण गुलियाना ने किया। मीटिंग में कार्यकारणी का विस्तार किया गया व नए पद सृजित कर निम्नलिखित पदाधिकारी बनाए गए। डिपो प्रधान अमित कुमार कूंडु ,सचिव कृष्णा गुलियाना, उप प्रधान सुरेश मराठा, कैशियर विक्रम गुहणा, सह सचिव अमित विज, ऑडिटर शमशेर सिंह को नियुक्त किया गया।मीटिंग में राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद व महासचिव सुमेर सिवाच ने रोडवेज कर्मचारियों की मानी गई मांगों को लागू ना करने पर वादा खिलाफी व विभाग का निजीकरण करके प्राईवेट हाथों मे देने का अरोप लगया और चिंता व्यक्त करते करते हुए कहा 1993 में जब प्रदेश की जनसंख्या एक करोड़ थी उस समय हरियाणा रोडवेज विभाग मे 23600 के लगभग कर्मचारी एवं लगभग 3884 सरकारी बसें होती थी।



कैथल। बैठक के दौरान रोडवेज कर्मचारी।

# उपायुक्त ने मतगणना केंद्रों का निरीक्षण किया

- स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रीति ने नगर पालिका कार्यालय भवन कलायत तथा राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन में बनाए गए ईवीएम स्ट्रांग रूमों व मतगणना केंद्रों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ईवीएम मशीनों की सुरक्षा को लेकर स्ट्रांग रूम को अच्छी तरह देखा। साथ ही मतगणना के दिन परिसर की बैरिकेडिंग को लेकर भी व्यापक चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि अधिकारी सुनिश्चित करें कि स्ट्रांग रूम क्षेत्र में बिना अनुमति और पास के कोई भी व्यक्ति प्रवेश नहीं कर सकेगा। कंट्रोल रूम में स्ट्रांग रूम परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की निरन्तर मॉनिटरिंग चलती रहे। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग की पूरी व्यवस्था में जरा सी भी चूक नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर अधिकारी मौजूद रहे।



**कैथसल।** डीसी प्रीति मतगणना केंद्र का निरीक्षण करते हुए

## रोहित ने बिना दहेज के शादी कर की मिसाल कायम

**जींद।** एक तरफ जहां शादियों में लाखों रुपये के खर्च से वधु पक्ष पर अतिरिक्त बोझ बढ़ जाता है वहीं जींद के गांव सुंदरपुर निवासी रोहित ने बिना दहेज के शादी कर एक मिसाल कायम की है। रोहित की शादी नीलम से हुई है। दोनों परिवारों के लोगों ने रोहित की इस मुहिम को समर्थन दिया है। इसके साथ ही विवाह समारोह में सभी कन्या भ्रूण हत्या न करने की शपथ भी ली और बेटी को भी बेटों की तरह ही आगे बढने के लिए हर कदम पर साथ देने का आह्वान किया। सुंदरपुर निवासी रोहित ने बताया कि उनकी व उनके माता पिता की इच्छा थी कि वह बिना दहेज के दुल्हन को अपने घर लाएं। उनका यह मानना है कि दुल्हन ही दहेज है, जो समाज के लिए भी एक अच्छी सीख है।

**शिक्षा** | समाज सेवा से मनुष्य का अहंकार होता है खत्म : डीसी प्रीति

# प्रदेश में पहली बार जाट कालेज में की गई रेडक्रॉस ऐच्छिक विषय की शुरूआत

आपदाओं और आपातकाल में लोगों की मदद करना पुण्य का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला रेडक्रास सोसायटी की अध्यक्षा एवं डीसी प्रीति ने कहा कि आपदाओं और आपातकाल में लोगों की मदद करना करना पुण्य का कार्य है। सभी स्वयं सेवकों को किसी भी आपात स्थित में सेवा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। रेडक्रॉस हमें स्वास्थ्य, सेवा तथा दोस्ती का संदेश देती है। इसलिए हमें हमेशा अपने एवं दूसरों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। इसके साथ ही किसी न किसी रूप में दूसरों की सेवा करनी चाहिए, क्योंकि सेवा करने से मनुष्य में अहंकार खत्म हो जाता है। इसके अलावा जीवन में एक ऐसा दोस्त भी जरूर होना चाहिए।



**कैथल।** डीसी प्रीति को सम्मानित करते जाट कालेज व रेडक्रास के पदाधिकारी

### विद्यार्थियों को संबोधित किया

जिला रेडक्रास सोसायटी की अध्यक्षा एवं डीसी प्रीति शुक्रवार को जाट कालेज में कक्षा बीए व बीएससी संकाय में रेडक्रास को ऐच्छिक विषय के रूप में शुभारंभ करने के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि बहुत ही खुशी का दिन है कि आज जाट कालेज में रेडक्रॉस विषय की शुरूआत की गई है। यह हरियाणा में ऐसा पहला कालेज जिसमें रेडक्रास विषय की शुरूआत की है। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को समाज सेवा के साथ जोड़ना है। ऐच्छिक विषय लागू होने पर बच्चों में जन कल्याण के कार्यो के प्रति रूचि पैदा होगी, जिससे कि बच्चे आपदाओं और आपातकाल में लोगों की मदद करके उनको अपनी सेवाएं प्रदान कर सकेगें। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि इस विषय को गंभीरता से लें और दूसरों को भी समाज सेवा के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस दशकों से समाज की सेवा कर रहा है और युवाओं को इसके लिए तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि अंग दान करना बहुत बड़ी सेवा है। कुछ लोग सड़क हादसों की वजह से जान गंवा देते हैं और जाते जाते अपने अंग दान करके समाज सेवा कर जाते हैं।